# 'पप्पू' और 'चप्पू' सब एक लाइन में

- महिदपुर के कार्यक्रम में सीएम ने कसा तंज
- अपने कर्मों की सजा भुगत रही कांग्रेस



नवभारत न्यूज़

**इंदौर, 17 जून. महिदपुर में लोकार्पण कार्यक्रम में सीएम मोहन यादव कांग्रेस पर जमकर बरसे. उन्होंने मीनाक्षी नटराजन वाले मामले में कांग्रेसियों पर ही तंज कसा.**

सीएम ने मंच से कहा कि कांग्रेसी सुन लें कान खोलकर, तुमने तो एक कौड़ी नहीं दी बहनों के लिए. लाड़ली बहनों के खाते में पैसे जाते हैं तो कांग्रेसी कहते हैं कि बहने इस रुपए से दारु पी जाती हैं. अरे डूब मरो कांग्रेसियों तुम्हारा चरित्र ऐसा है. कांग्रेस इसलिए अपने कर्मों की सजा भुगत रही है.

वो पप्पू और पप्पू को चलाने वाले चप्पू सब एक लाइन में है. सीएम ने मीनाक्षी नटराजन के नामांकन वाले मामले में नाम लिए बगैर कहा कि नौसिखिए को पार्टी की कमान आपने हाथ में दी है. अब वो गाड़ी आगे चलाने के बजाये पीछे ठोके तो हम भी क्या जानें. वो अपने कर्मों की जानें. सीएम ने कहा कि आने वाले समय में दुनिया महिदपुर के डोंगला से अपनी घड़ी का स्टेंडर्ड टाइम तय करेगी.

> मुख्यमंत्री ने इस दौरान 19 करोड़ रुपए से अधिक लागत के अन्य विकास कार्यों का भी लोकार्पण किया. इनमें उच्च शिक्षा विभाग के 4.35 करोड़ रुपए लागत के महाविद्यालय भवन, लोक शिक्षण विभाग के तहत सेमलिया, महिदपुर रोड और कुंडीखेड़ा में कन्या स्कूल भवन, मोचीखेड़ा में 33/11 केवी उपकेंद्र तथा झारड़ा क्षेत्र के 13 उप स्वास्थ्य केंद्र भवन शामिल हैं. कुल मिलाकर लगभग 207 करोड़ रुपए के विकास कार्य जनता को समर्पित किए गए. सामाकोटा बैराज परियोजना से कई गांवों के किसानों को सीधा फायदा मिलेगा.

# लूट का खुलासा, 3 गिरफ्तार

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 17 जून. संगठित अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत इंदौर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने 29 लाख 65 हजार रुपये की लूट के मामले का त्वरित खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.**

आरोपियों के कब्जे से लूटी गई राशि में से 22 लाख 60 हजार रुपये नकद, लूट की रकम से खरीदी गई एक आई-20 कार तथा अन्य सामग्री बरामद की गई है. यह वारदात 11 जून को हुई थी, जब स्क्रैप व्यवसाय से जुड़े कर्मचारी मुकुल अग्रवाल विभिन्न प्रतिष्ठानों से भुगतान राशि एकत्र कर नकदी लेकर जा रहे थे. इसी दौरान जाइसवाल धर्मशाला के पास दो अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोककर मारपीट की और नकदी से भरा बैग छीनकर फरार हो गए.

मामले की गंभीरता को देखते हुए इंदौर पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में आठ विशेष टीमों का गठन किया गया. जांच के दौरान पुलिस ने 800 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया तथा तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से फर्जी नंबर प्लेट लगी एक संदिग्ध स्कूटर की पहचान की. जांच में सामने आया कि आरोपियों ने पूरी योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया था. वे पहले से मुकुल अग्रवाल की गतिविधियों पर नजर रख रहे थे और भुगतान संग्रहण के पहले स्थान से ही उनका पीछा कर रहे थे.



# मानसून की चाल धीमी

**23** तक दस्तक के आसार

**34** जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी

**1** से 16 जून के बीच प्रदेश में 35% कम बारिश दर्ज की गई

**भोपाल, 17 जून. मध्य प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून की एंट्री फिलहाल टल गई है. मौसम विभाग के अनुसार मानसून अभी तेलंगाना के भद्राचलम क्षेत्र में ठहरा हुआ है, जिससे मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में इसकी प्रगति धीमी पड़ गई है. अब प्रदेश में मानसून के 21 से 23 जून के बीच पहुंचने की संभावना जताई जा रही है.**

मानसून में हो रही देरी का असर कृषि गतिविधियों पर भी दिखने लगा है और खरीफ फसलों की बोवनी का इंतजार कर रहे किसानों की निगाहें बारिश पर टिकी हैं. बुधवार को मौसम विभाग ने प्रदेश के 34 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है. ग्वालियर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, देवास, उज्जैन, इंदौर, मंदसौर और नीमच सहित कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है. वहीं भोपाल, विदिशा, रायसेन, सागर, जबलपुर, रीवा, सतना, शहडोल, धार और बड़वानी सहित कुछ क्षेत्रों में मौसम अपेक्षाकृत शुष्क रहने और गर्मी का असर बने रहने के संकेत हैं. बीते पिछले 24 घण्टे में प्रदेश के कई हिस्सों में प्री-मानसूनी गतिविधियां जारी रहीं.

> मौसम विभाग के अनुसार मध्य प्रदेश में सामान्यत: मानसून 15 जून तक प्रवेश कर जाता है, लेकिन इस वर्ष इसकी रफ्तार धीमी है. 1 से 16 जून के बीच प्रदेश में सामान्य से लगभग 35 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है. अनूपपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, जबलपुर, सागर, रीवा, शहडोल, इंदौर, उज्जैन, देवास, धार, खरगोन, रतलाम और विदिशा सहित कई जिलों में वर्षा का आंकड़ा सामान्य से काफी नीचे है.

# नीट परीक्षा को लेकर रेलवे अलर्ट

भोपाल मंडल में विशेष व्यवस्था

**भोपाल, 17 जून. 21 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने परीक्षार्थियों की सुविधा और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विशेष भीड़ प्रबंधन योजना लागू की है.**

मंडल के प्रमुख परीक्षा केंद्रों वाले शहरों भोपाल, विदिशा, गुना, होशंगाबाद और अशोकनगर में रेलवे ने अतिरिक्त इंतजाम किए हैं. भोपाल में सबसे अधिक 13,774 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे, जबकि गुना में 1,839, विदिशा में 1,709, होशंगाबाद में 1,283 और अशोकनगर में 865 परीक्षार्थियों के पहुंचने की संभावना है. बढ़ी हुई यात्री संख्या को देखते हुए स्टेशनों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी.

सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि स्टेशन परिसरों, प्रवेश-निकास द्वारों और प्लेटफॉर्मों पर भीड़ नियंत्रण की विशेष व्यवस्था की जाएगी. वाणिज्य, आरपीएफ और परिचालन विभाग के अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती रहेगी. यात्रियों के मार्गदर्शन के लिए घोषणा प्रणाली और पूछताछ काउंटर सक्रिय रहेंगे.

रेल प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग, कतार प्रबंधन और परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने वाले यात्रियों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की गई है. किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं.

> **स्टेशनों पर होगी विशेष निगरानी**
>
> रेलवे ने परीक्षा दिवस पर संबंधित स्टेशनों पर विशेष निगरानी रखने तथा ट्रेनों के समयपालन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं. रेल प्रशासन ने अभ्यर्थियों और उनके परिजनों से समय से स्टेशन पहुंचने तथा रेलवे कर्मचारियों के निर्देशों का पालन करने की अपील की है.

# 19 जून को स्वास्थ्य शिविर

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 17 जून. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश कांग्रेस डॉक्टर एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ 19 जून को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन करेगा.**

इस पहल का उद्देश्य जनसेवा के साथ-साथ नागरिकों में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना है. शिविर का आयोजन भोपाल स्थित मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) कार्यालय परिसर में प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा. शिविर में आम नागरिकों को ईसीजी, रक्तचाप, ब्लड शुगर एवं बीएमआई जांच जैसी सुविधाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी.



इसके अलावा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परामर्श दिया जाएगा तथा आवश्यक दवाओं का भी नि:शुल्क वितरण किया जाएगा. मध्यप्रदेश कांग्रेस डॉक्टर एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह धाकड़ ने प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है. कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. विक्रम चौधरी ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक है.

## पेंशनर शिविर में सुनी गईं सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याएं

**भोपाल.** सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना (सडिपुका) निशातपुरा में मुख्य कारखाना प्रबंधक प्रफुल्ल वी. कोहाडे के मार्गदर्शन में पेंशनर शिविर का आयोजन किया गया. प्रशासनिक भवन सभागार में आयोजित बैठक में सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों और रेल प्रशासन के बीच संवाद हुआ.

शिविर में पेंशन संशोधन, पारिवारिक पेंशन, चिकित्सा सुविधाओं और लंबित प्रकरणों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई. ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलवे मेंस फेडरेशन एवं पेंशनर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने पेंशनरों की समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं.

# 22 जून को युग प्रवर्तक डॉ हेडगेवार नाटक का मंचन

**ग्वालियर 17 जून. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संघ के प्रथम सरसंघचालक डा केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर आधारित एक नाटक प्रस्तुति युग प्रवर्तक डॉ हेडगेवार का मंचन 22 जून सोमवार को अटलबिहारी वाजपेयी सभागार जीवाजी विश्वविद्यालय में सायं साढे छह बजे से किया जाएगा.**



नाटक में प्रवेश पूर्णत: नि:शुल्क है. नाटक का मध्यप्रदेश में 46 वां संस्करण है. संघ के विभाग संघ चालक प्रहलाद सबनानी ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि यह नाटक स्थानीय संस्कार भारती के मार्गदर्शन में नागपुर के नादब्रम्ह संस्था के 45 कलाकारों द्वारा किया जाएगा. इसमें जरूरत पडने पर 25 स्थानीय कलाकार भी हिस्सा ले सकेंगे. इसके माध्यम से डॉ हेडगेवार के जीवन पर प्रकाश डाला जायेगा. उल्लेखनीय है कि शताब्दी वर्ष की श्रृंखला में पूरे देश में लगभग 200 से अधिक स्थानों पर नाटक का मंचन किया जायेगा.

# तेंदूपत्ता लाभांश में हस्तक्षेप का विरोध

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 17 जून. पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए निर्धारित लाभांश राशि को निर्माण कार्यों में खर्च किए जाने के कथित प्रयास का कड़ा विरोध किया है. उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने तथा प्रस्तावित राशि के हस्तांतरण पर रोक लगाने की मांग की है.**

अजय सिंह ने आरोप लगाया कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) द्वारा अभयारण्यों में तालाब निर्माण के लिए लघु वनोपज संघ से लगभग 20 करोड़ रुपये की मांग की गई है. उन्होंने इसे लघु वनोपज से अर्जित लाभ के उपयोग से संबंधित स्थापित नियमों का स्पष्ट उल्लंघन बताया.



उन्होंने कहा कि सहकारी संघ के शुद्ध लाभ का उपयोग कानूनन केवल वनोपज संग्राहकों के कल्याण, वनों के पुनरुत्पादन तथा संबंधित आधारभूत संरचना के विकास के लिए किया जा सकता है. नियमों के अनुसार लाभांश की 75 प्रतिशत राशि सीधे आदिवासी संग्राहकों को बोनस के रूप में वितरित की जानी चाहिए, जबकि शेष धनराशि ग्रामीण समुदायों के कल्याण और वन विकास कार्यों पर खर्च की जानी चाहिए.

> अजय सिंह ने कहा कि संरक्षित क्षेत्रों में तालाब निर्माण जैसे कार्यों के लिए कैम्पा निधि, वन्यजीव बजट तथा केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत पहले से अलग वित्तीय प्रावधान उपलब्ध हैं. ऐसे में आदिवासी और ग्रामीण संग्राहकों के हितों के लिए निर्धारित धनराशि को अन्य मदों में स्थानांतरित करना न केवल अनैतिक बल्कि अवैध भी है. उन्होंने मुख्यमंत्री से प्रस्तावित हस्तांतरण को निरस्त करने तथा यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया.

# आईएएस अधिकारियों के थोकबंद तबादले

**भोपाल, 17 जून. सरकार ने बुधवार देर शाम 29 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए. इसमें अनिरुद्ध मुकर्जी को मौजूदा दायित्वों के साथ अपर मुख्य सचिव पर्यावरण विभाग व पर्यावरण आयुक्त, महानिदेशक एप्को का प्रभार अतिरिक्त रूप से दिया गया है. वहीं केसी गुप्ता अपर मुख्य सचिव को मौजूदा दायित्वों के साथ कृषि उत्पादन आयुक्त की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है.**

यहां बता दें कि 9 जून को सिया के चेयरमेन शिवनारायण सिंह चौहान ने मुख्य सचिव अनुराग जैन को पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने बर्णवाल पर कई गंभीर आरोप लगाए थे. इधर भोपाल संभाग आयुक्त संजीव सिंह का भी हटना तय माना जा रहा था, लिहाजा इस प्रशासनिक सर्जरी में उनको अब नई जिम्मेदारी दे दी गई है. इधर कलेक्टरी के दौरान छिंदवाड़ा जिले में अपने नवाचार को लेकर पहचान बनाने वाले शीलेन्द्र सिंह को रीवा संभाग के कमिश्नर की बड़ी जिम्मेदारी देकर उनके नवाचार को एक तरह से सरकार ने सम्मान दिया है. पिछले दिनों आईएएस अफसरों के सोशल मीडिया ग्रुप में शीलेन्द्र सिंह चर्चा का विषय बने हुए थे. दरअसल छिंदवाड़ा जिले में उनके नवाचार को लेकर जिक्र आने पर आईएएस अफसरों ने उन्हें ग्रुप में बधाई देना शुरू कर दिया था, लेकिन तब ही अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग दीपाली रस्तोगी ने इसका श्रेय सीधी भर्ती वाले आईएएस को भी देने की कोशिश की, जिससे विवाद की स्थिति बन गई थी. इस विवाद ने सीधी भर्ती और एसएएस से आईएएस बनने वाले अफसरों के बीच एक रेखा खींच दी थी, लेकिन लगता है कि सरकार ने शीलेन्द्र सिंह को बड़ी जिम्मेदारी देकर श्रेय छिनने की कोशिश करने वाले अफसरों को कड़ा जवाब दे दिया है. इधर मंत्री राकेश सिंह से विवाद करना अपर आयुक्त अरविंद कुमार शाह को भारी पड़ा है, उन्हें भी हटा दिया गया है.

## बामरा को अतिरिक्त प्रभार

गुलशन बामरा प्रमुख सचिव को मौजूदा दायित्वों के साथ पीएस अनुसूचित जाति कल्यापण विभाग का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा गया है, इसी तरह सुश्री सोनिया मीना अपर सचिव को वर्तमान दायित्वों के साथ आयुक्त सह संचालक संस्थागत वित्त का प्रभार अतिरिक्त रूप से दिया गया है. मुकेश चंद्र गुप्ता द्वारा नया कार्यभार ग्रहण करने पर मनीष सिंह सचिव केवल जेल विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे. इसी क्रम में संजीव सिंह द्वारा नया दायित्व संभालने पर मनीष सिंह प्रमुख सचिव केवल खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

| अधिकारी – | वर्तमान पदस्थापना – | नई पदस्थापना |
|---|---|---|
| मुकेश चंद्र गुप्ता– | सचिव मप्र मानव अधिकार आयोग– | पीएस जेल विभाग |
| डॉ. ई.रमेश कुमार– | पीएस अजाक विभाग – | पीएस राजस्व विभाग |
| विवेक कुमार पोरवाल– | पीएस राजस्व विभाग– | पीएस खनिज साधन विभाग |
| संजीव सिंह – | आयुक्त भोपाल संभाग भोपाल – | सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग |
| बाबू सिंह जामोद – | आयुक्त रीवा संभाग रीवा – | सचिव नगरीय विकास एवं आवास विभाग |
| दीपक सिंह – | ओएसडी सह सचिव राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल – | आयुक्त सह पंजीयक सहकारी संस्थाएं |
| आलोक कुमार सिंह– | सचिव सीएम, खनिज साधन विभाग अति.प्रभार – | पंजीयन आईजी व अधीक्षक मुद्रांक भोपाल |
| अमित तोमर – | पंजीयन आईजी व अधीक्षक मुद्रांक मप्र भोपाल – | एमडी ऊर्जा विकास निगम, आयुक्त नवीन, नवकरणीय ऊर्जा, अतिरिक्त प्रभार |
| सत्येन्द्र सिंह – | ओएसडी सह संचालक आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजनाएं– | आयुक्त सह संचालक ओबीसी व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग |
| कर्मवीर शर्मा – | आयुक्त सह संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता संरक्षण – | आयुक्त भोपाल संभाग भोपाल |
| भास्कर लक्षकार – | आयुक्त कोष एवं लेखा मप्र भोपाल – | आयुक्त सह संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता संरक्षण |
| दिनेश श्रीवास्तव – | ओएसडी सह संचालक लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण – | ओएसडी सह सचिव मप्र राज्य निर्वाचन आयोग |
| शीलेन्द्र सिंह – | सचिव नगरीय विकास एवं आवास विभाग– | आयुक्त रीवा संभाग रीवा |
| सौरभ कुमार सुमन – | ओएसडी सह आयुक्त सह संचालक ओबीसी व अल्पसंख्यक कल्याण– | ओएसडी सह आयुक्त सह संचालक उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण |
| नेहा मारव्या सिंह – | अपर सचिव जनजातीय कार्य विभाग – | संचालक आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजनाएं |
| मनोज पुष्प– | ओएसडी सह पंजीयक सहकारी संस्थाएं – | संचालक लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग |
| प्रीति जैन – | संभागीय सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल इंदौर – | संयुक्त आयुक्त लिटिगेशन एवं समन्वय इंदौर |
| रोहित सिंह– | अपर सचिव वित्त विभाग – | एमडी मप्र पाठ्यपुस्तक निगम |
| हर्षिका सिंह– | सीईओ मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन – | संचालक बजट मप्र भोपाल |
| भारती ओगरे जाटव – | अपर सचिव खनिज साधन विभाग– | अपर सचिव स्कूल शिक्षा विभाग |
| अमनबीर सिंह बैंस– | एमडी ऊर्जा विकास निगम भोपाल – | ओएसडी सह आयुक्त कोष एवं लेखा |
| कैलाश वानखेड़े – | अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास – | अपर सचिव ऊर्जा विभाग |
| अमर बहादुर सिंह– | अपर आयुक्त राजस्व जबलपुर संभाग – | अपर सचिव जनजातीय कार्य विभाग |
| पवन कुमार जैन – | अपर आयुक्त राजस्व सागर संभाग – | उप सचिव सहकारिता विभाग |
| रानी बाटड – | उप सचिव सहकारिता विभाग – | उप सचिव श्रम विभाग |
| विनय निगम– | जीएम मप्र पाठ्य पुस्तक निगम – | सीईओ मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन भोपाल |
| मंजूषा विक्रांत राय– | उप सचिव स्कूल शिक्षा विभाग – | उप सचिव पशुपालन एवं डेयरी विभाग |
| शैली कनाष– | संयुक्त आयुक्त लिटिगेशन एवं समन्वय इंदौर – | संभागीय सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल इंदौर |
| अरविंद कुमार शाह– | अपर आयुक्त नगर पालिक निगम जबलपुर – | सीईओ आयुष्मान भारत भोपाल |

# राजगढ़ में वैक्सीन सुरक्षा पर उठे सवाल

## जीतू पटवारी ने जताई चिंता

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 17 जून. राजगढ़ जिले के छापीहेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगभग 30 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने के बाद टीकाकरण के लिए सुरक्षित रखी गई महत्वपूर्ण वैक्सीनों के खराब होने के आरोपों ने मध्य प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर नई चिंताएं खड़ी कर दी हैं.**

इस मामले को लेकर कांग्रेस ने राज्य सरकार पर बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने में विफल रहने का आरोप लगाया है. विवाद उस समय और गहरा गया जब स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के परस्पर विरोधी बयान सामने आए. बताया जा रहा है कि स्थानीय ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर ने वैक्सीनों के प्रभावित होने की आशंका जताई है, जबकि जिला टीकाकरण अधिकारी ने सभी वैक्सीनों को सुरक्षित बताया है. इन विरोधाभासी दावों ने स्वास्थ्य विभाग की पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल खड़े कर दिए हैं. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस घटना को प्रदेश की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में व्याप्त व्यापक संकट का संकेत बताया.

> **कोल्ड-चेन बैकअप प्रणाली क्यों उपलब्ध नहीं**
>
> 
>
> पटवारी ने कहा कि सरकारी अस्पतालों की कमियों का समाधान निजीकरण नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करना है. उन्होंने सवाल उठाया कि लंबे समय तक बिजली बाधित रहने के बावजूद वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था और कोल्ड-चेन बैकअप प्रणाली क्यों उपलब्ध नहीं थी. कांग्रेस ने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय और समयबद्ध जांच, जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करने तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

# हमले में घायल युवक की मौत

**04** आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

**भिण्ड 17 जून. शहर के गौरी तालाब क्षेत्र में 11 दिन पहले हुए जानलेवा हमले में गंभीर रूप से घायल एक युवक की बुधवार को उपचार के दौरान ग्वालियर में मौत हो गई.**

जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के खिरिका मोतीपुरा निवासी सचिन राजावत पर गत छह जून की दोपहर गौरी तालाब क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते हमला किया गया था. आरोप है कि कुछ लोगों ने पहले उसके साथ मारपीट की और बाद में उसे विक्रमपुरा स्थित एक मकान पर ले जाकर पाइप, सरिया, डंडों और लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा. हमले में सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया था. परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भिण्ड लेकर पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई. हालांकि उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ और लगातार तबीयत बिगड़ती रही. परिजनों के मुताबिक मारपीट में आई अंदरूनी चोटों के कारण सचिन को लगातार दर्द और अन्य परेशानियां बनी हुई थीं. हालत गंभीर होने पर 15 जून को उसे बेहतर उपचार के लिए ग्वालियर रेफर किया गया. वहां उसे गजानन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था. उपचार के दौरान आज उसकी मौत हो गई. युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई.


**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं बिशेष विवाह अधिकारी जिला मैहर (म.प्र.)**

क्र./591/विशेष विवाह/2026 मैहर, दिनांक 17.4.26

**सार्वजनिक सूचना**

**बिशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-6 के तहत**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश दाहिया पिता श्री सुनील दाहिया उम्र 21 वर्ष कटियाकला मैहर तहसील मैहर जिला मैहर म.प्र. एवं आवेदिका चांदनी कुशवाहा पुत्री श्री संतोष कुशवाहा उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड नं. 10 पुरानी बस्ती गढ़ी मोहल्ला अमरपाटन तहसील अमरपाटन जिला मैहर म.प्र. समक्ष में उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अंतर्गत विशेष विवाह अनुष्ठापन हेतु आवेदन दिनांक 16.4.26 को प्रस्तुत किया गया है.

उक्त प्रस्तावित विवाह अनुष्ठापन के विरुद्ध यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति लिखित रूप में इस न्यायालय में दिनांक 26.5.26 को या इसके पूर्व व्यायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है. अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्ति आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

आज दिनांक 17.4.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया.


**अपर कलेक्टर**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी**
**जिला मैहर (म.प्र.)**


**हमला** | दिग्विजय सिंह ने दोहराई जवाबदेही की मांग

# आरएसएस की पारदर्शिता पर उठे सवाल

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 17 जून. वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की कानूनी स्थिति, वित्तीय स्त्रोतों और सार्वजनिक जवाबदेही को लेकर एक बार फिर पारदर्शिता की मांग उठाई है.**



उन्होंने कहा कि वर्षों से उठाए जा रहे महत्वपूर्ण प्रश्नों का अब तक संतोषजनक उत्तर नहीं मिला है. दिग्विजय सिंह की यह प्रतिक्रिया कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियंक खड़गे द्वारा आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को लिखे गए उस पत्र के बाद आई है, जिसमें संगठन की कानूनी स्थिति, वित्तीय पारदर्शिता और नियामकीय अनुपालन संबंधी जानकारी मांगी गई है. सिंह ने कहा कि खड़गे द्वारा उठाए गए मुद्दे वही हैं जिन्हें वह पहले भी कई बार सार्वजनिक रूप से उठा चुके हैं. उन्होंने बताया कि 22 अक्टूबर 2021 को उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को एक विस्तृत पत्र लिखकर आरएसएस की पंजीकरण स्थिति, वित्तीय लेन-देन, कर अनुपालन और संगठनात्मक जवाबदेही की जांच कराने की मांग की थी. उनका तर्क था कि यदि ट्रस्ट, धर्मार्थ संस्थाएं, सोसायटी, कंपनियां और राजनीतिक दल वित्तीय खुलासे तथा कानूनी अनुपालन के दायरे में आते हैं, तो व्यापक संगठनात्मक नेटवर्क और बड़े पैमाने पर सार्वजनिक गतिविधियों वाले आरएसएस पर भी समान मानदंड लागू होने चाहिए.

> नागपुर के आरटीआई कार्यकर्ता मोहनिश जबलपुरे द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी का हवाला देते हुए सिंह ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान आरएसएस द्वारा कथित रूप से सात करोड़ से अधिक खाद्य पैकेट और एक करोड़ राशन किट वितरित किए गए थे. उन्होंने इतने बड़े स्तर पर संचालित गतिविधियों के लिए धन के स्रोतों पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस संबंध में अब तक कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण नहीं मिला है. दिग्विजय सिंह ने यह भी याद दिलाया कि नवंबर 2025 में उन्होंने सीधे मोहन भागवत को पत्र लिखकर आरएसएस की अपंजीकृत स्थिति की तुलना हिंदू धर्म से किए जाने पर आपत्ति जताई थी.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14